# K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR
## ASSESSMENT - 2 (2023-24)

**GRADE: V** | **MARKS: 50**
**SUB: HINDI** | **TIME: 2 Hrs**

**सूचनाएँ =** १) प्रश्न लिखकर उत्तर लिखना आवश्यक है। (Objective Questions)
२) प्रश्न क्रमांक लिखना आवश्यक है।
३) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

**खंड (क) पठित (Seen passage )**

**प्रश्न १) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**
**(Read the seen passage carefully and follow the instructions given below.)**

वह पुस्तक बहुत पुरानी थी। कुम्मी के दादा ने बताया था कि जब वे बहुत छोटे थे तब उनके दादा ने कहा था कि उनके ज़माने में सारी कहानियाँ कागज़ पर छपती थीं और पढ़ी जाती थीं। पुस्तकों में पृष्ठ होते थे जिन पर कहानियाँ छपी होती थीं और हर पृष्ठ पढ़ने के पश्चात् दूसरा पृष्ठ पलटकर आगे पढ़ना होता था। सारे शब्द स्थिर रहते थे, चलते नहीं थे जैसे आजकल पर्दे पर चलते हैं।

रोहित ने कहा था,"कितनी पुस्तकें बेकार जाती होंगी। एक बार पढ़ीं और फिर बेकार हो गईं। अब तो हमारे टेलीविज़न के पर्दे पर न जाने कितनी पुस्तकों की सामग्री आ जाती है और फिर भी यह पुस्तक नई की नई रहती है।"

कुम्मी ने भी रोहित की हाँ में हाँ मिलाई। फिर पूछा, "तुम्हें वह पुस्तक कहाँ मिली?"

रोहित ने बताया, “अपने घर में। एक पुराना डिब्बा कहीं दबा पड़ा था। उसी को फेंक रहे थे कि उसमें से यह पुस्तक मिली।”

**क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए।** **(२अंक)**
**(Fill in the blanks.)**
१) कुम्मी ने भी _________ की हाँ में हाँ मिलाई।
२) एक बार पढ़ी और फिर _________ हो गई।

**ख) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा।** **(१अंक)**
**(Who said to whom.)**
१) “तुम्हें वह पुस्तक कहाँ मिली?”

**ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए।** **(२अंक)**
**(Answer the following questions in one or two words.)**
१) डिब्बा कैसा था?
२) पुस्तकों की सामग्री कौन-से पर्दे पर आ जाती है?

**प्रश्न २) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the seen passage carefully and follow the instructions given below.)**

इला की माँ और दादी कशीदाकारी करती थीं। वह उन्हें सुई में रेशम पिरोने से लेकर बूटियाँ उकेरते देखती। न जाने कब उसने कशीदाकारी करने की ठान ली। यहाँ भी उसने अपने पैर के अँगूठों का सहारा लिया। दोनों अंगूठों के बीच सुई थामकर कच्चा रेशम पिरोना कोई आसान काम नहीं था। पर कहते हैं न, जहाँ चाह वहाँ राह। उसके विश्वास और धैर्य ने कुदरत को भी झुठला दिया।

पंद्रह-सोलह साल की होते-होते इला काठियावाड़ी कशीदाकारी में माहिर हो चुकी थी। किस वस्त्र पर किस तरह के नमूने बनाए जाएँ, कौन-से रंगों से नमूना खिल उठेगा और टाँके कौन-से लगें, यह सब वह समझ गई थी।

**क) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए।** **(२अंक)**

**(Write whether the following sentences are true or false.)**

१) इला की बुआ कशीदाकारी करती थीं।

२) इला ने कशीदाकारी करने की ठान ली।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए।** **(३अंक)**

**(Answer the following questions in one or two words.)**

१) इला के विश्वास और धैर्य ने किसे झुठला दिया?

२) इला ने कशीदाकारी करने के लिए किसका सहारा लिया?

३) इला के घर पर कशीदाकारी कौन-कौन करती थीं?

**प्रश्न ३) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the seen poem carefully and follow the instructions given below.)**

थोड़ा घबराते भी थे हम उससे
क्योंकि समझ नहीं पाते थे
उसकी घबराहटों को,
न इशारों में कही उसकी बातों को,
न उसकी भयभीत आँखों में
हर समय दिखती
उसके अंदर की छटपटाहटों को।
जितनी देर वह रहता
पास बैठी उसकी माँ
निहारती रहती उसका खेलना।

अब जैसे-जैसे
कुछ बेहतर समझने लगा हूँ
उनकी भाषा जो बोल नहीं पाते हैं
याद आती
रतन से अधिक
उसकी माँ की आँखों में
झलकती उसकी बेबसी ।

**कवि** - कुँवर नारायण

**क)निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए।** **(३अंक)**

**(Write whether the following sentences are true or false.)**

१) बच्चे रतन से घबराते थे।

२) रतन की घबराहट को बच्चे समझ पाते थे।

३) कवि अब जो भाषा नहीं बोल पाते उन्हें बेहतर समझने लगे हैं।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **(२अंक)**

**(Choose the correct option.)**

१) किसकी आँखों में बेबसी थी?

I) रतन II) दादी III) माँ

२) 'एक माँ की बेबसी' इस कविता के कवि कौन हैं?

I) कुँवर नारायण II) सोहनलाल III) प्रेमचंद

## खंड (ख) पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न

**(Textual based questions)**

**प्रश्न १) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** **(४अंक)**

**(Answer the following questions in one sentence.)**

१) पचास पैसे में हम क्या कर सकते हैं?

२) इला ने पत्तियों को किस-से सजाया था?

३) डाक विभाग पत्र, मनीआर्डर के साथ और क्या-क्या लोगों तक पहुँचा रहा है?

४) कँवरसिंह को कौन-से अस्पताल में दाखिल किया था?

**प्रश्न २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीर्घ लिखिए।** **(४अंक)**

**(Answer the following questions in detail.)**

१) पैदल हरकारों को किस-किस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है?

२) साँझ होते ही मोहल्ले के बच्चे क्या-क्या करते थे?

**प्रश्न ३) स्वमत (स्व-अध्ययन पर प्रश्न)** **(२अंक)**

**(Self opinion question)**

१) गांधीजी को सिर्फ उनके नाम और देश के नाम के सहारे पत्र कैसे पहुँच गया होगा?

## खंड (ग) अपठित (Unseen passage )

**प्रश्न १) निम्नलिखित अपठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the unseen passage carefully and follow the instructions given below.)**

कुछ पुस्तकालय सार्वजनिक होती हैं, जो सबके लिए होती हैं। इनके खुलने और बंद होने का समय निश्चित होता है। इनमें हर तरह की पुस्तकें होती हैं। इसके सदस्य बनकर पुस्तकें घर पर भी ले जा सकते हैं। यह पुस्तकालय बहुत उपयोगी होते हैं। इनसे निर्धन विद्यार्थी भी लाभ उठाते हैं। वे यहाँ बैठकर उन्हें पढ़ सकते हैं। कुछ समय के लिए घर भी ले जा सकते हैं।

पुस्तकालय में हजारों लाखों किताबें सजाकर रखी गई होती हैं। बहुत से लोगों को किताबें पढ़ने का शौक रहता है, उनके लिए पुस्तकालय सबसे अच्छी जगह होती है। यह ज्ञान प्राप्त करने का सर्वोत्तम स्थान है जहाँ पर विद्वानों तथा हमारे पूर्वजों द्वारा लिखे गए पुस्तकों से ज्ञान प्राप्त कर अपने जीवन को सुधार सकते हैं।

**क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए।** **(३अंक)**

**(Fill in the blanks.)**

१) पुस्तकालय सबसे अच्छी ________ होती है।

२) कुछ पुस्तकालय __________ होती हैं।

३) सदस्य बनकर पुस्तकें ________ पर भी ले जा सकते हैं।

**ख) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाए।** **(२अंक)**

**(Make sentence with the following words.)**

१) समय = २) शौक =

## खंड (घ) व्याकरण (Grammar)

**प्रश्न १) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी (पर्यायवाची) शब्द लिखिए।** **(२अंक)**

**(Write the synonym of the following words.)**

१) झंडा = २) पुराना =

**प्रश्न २) निम्नलिखित शब्द का लिंग बदलो।** **(१अंक)**

**(Change the gender of the following noun. )**

१) राजा =

**प्रश्न ३) निम्नलिखित शब्द के दो भिन्न अर्थों को स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाए।** **(३अंक)**

**(Write two different meaning & make sentence in your own words.)**

१)

आम → अर्थ = वाक्य =

आम → अर्थ = वाक्य =

**प्रश्न ४) निम्नलिखित वाक्यों में से सही विशेषण शब्द खोजकर लिखिए।** **(२अंक)**

**(Identify the adjective from the given sentences.)**

१) सेब लाल रंग के हैं। २) राधा डरपोक है।

**प्रश्न ५) निम्नलिखित वाक्यों में से सही क्रिया शब्द खोजकर लिखिए।** **(२अंक)**

**(Identify the verb from the given sentences.)**

१) सोहम गाड़ी चलाता है। २) कोमल पुस्तक पढ़ती है।

## खंड (ड.) लेखन (Writing skill)

**प्रश्न १) निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक विषय</u> पर निबंध लिखिए।** **(५अंक)**

**(Write an essay on any one of the following topics.)**

१) यदि किताबें न होती तो...... २) रेलवे स्टेशन

**प्रश्न २) निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक विषय</u> पर पत्र लिखिए।** **(५अंक)**

**(Write a letter on any one of the following topics.)**

१) अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए जो अपना समय बर्बाद कर रहा है और अपने अध्ययन के प्रति सचेत नहीं है।

२) पढ़ाई हेतु छात्रावास में रह रहे बड़े भाई को पत्र लिखकर अपने घर परिवार का समाचार दीजिए।

********************************